# नगर परिषद सुजानपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 01.04.2016 से 31.03.2018
## भाग–एक

**1 प्रारम्भिक**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफाशिों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81–फिन (एल0ए0) खण्ड– (ख) IV दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर परिषद सुजानपुर के लेखों अवधि 01.04.16 से 31.03.18 तक का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित प्रधान एवं कार्यकारी अधिकारी कार्यरत्त रहेः–**

**(i) अध्यक्ष, नगर परिषद**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री रमन भटनागर | 01.04.16 से 31.03.18 तक |

**(ii) कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राज कृष्ण शर्मा | 01.04.16 से 31.12.16 तक |
| 2 | श्री विनोद कुमार शर्मा | 17.01.17 से 04.09.17 तक |
| 3 | श्री के0एल0 ठाकुर | 04.09.17 से 31.03.18 तक |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

| क्र0सं0 | गम्भीर अनियमितता का संक्षिप्त विवरण | पैरा सं0 | राशि (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुदानों की राशि उपयोग हेतु शेष | 6 (ख) | 91.27 |
| 2 | गृह कर की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 7 (क) | 20.53 |
| 3 | दुकानों के किराये की राशि वसूली हेतु शेष | 8 (क) | 34.56 |
| 4 | तहबाजारी शुल्क की राशि वसूली हेतु शेष | 9 | 5.17 |
| 5 | मोबाईल टावर शुल्क वसूली हेतु शेष | 10 | 0.12 |
| 6 | विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क की कम वसूली करना | 11 | 0.13 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | विवाह पंजीकरण शुल्क से प्राप्त राशि को राजकीय कोष में जमा न करना | 11 (क) | पैरा में वर्णित विवरणानुसार |
| 8 | विभिन्न कर्मचारियों को गलत वेतन निर्धारण के परिणामस्वरूप वेतन व भत्तों का सम्भावित अधिक भुगतान | 12 (क) से (च) | 4.45 |
| 9 | नियमों के प्रतिकूल करूणामूलक आधार पर चपड़ासी के पद पर नियमित नियुक्ति करना | 13 | पैरा में वर्णित विवरणानुसार |
| 10 | पैन्शन व ग्रेच्युटी निधि से Leave Encashment का अनियमित भुगतान करना | 14 | 8.12 |
| 11 | संविदाकार को अधिक भुगतान करना | 15 से 20 | 1.08 |
| 12 | निक्षेप निर्माण कार्यों हेतु सिंचाई विभाग को जारी राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना | 22 | 229.94 |
| 13 | चिकित्सा व्यय की अनियमित प्रतिपूर्ति करना | 23 | 0.04 |
| 14 | कालातीत धरोहर राशि को नियम के अनुसार परिषद की आय में लेखांकित न करना | 24 | 1.83 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

संस्था द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

नगर परिषद सुजानपुर के लेखों अवधि 01.04.2016 से 31.03.2018 तक का अंकेक्षण कार्य श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक नियन्त्रक व श्री नरेन्द्र कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा अवधि 13.08.2018 से 22.09.2018 तक के दौरान नगर परिषद कार्यालय सुजानपुर में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्न मासों का चयन किया गयाः–

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2016–17 | 03/2017 | 12/2016 |
| 2017–18 | 03/2018 | 07/2017 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी भी प्रकार की गलत/अधूरी सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है, के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले किसी भी प्रभाव के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

नगर परिषद के अवधि 01.04.16 से 31.03.18 तक के लेखाओं के अंकेक्षण का शुल्क ₹48400 आँका गया। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के नाम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से शिमला भेजने हेतु कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद से सहायक नियन्त्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्या 235/2018 दिनांक 22.09.2018 द्वारा अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

नगर परिषद सुजानपुर के अवधि 01.04.16 से 31.03.18 तक के लेखों की वित्तीय स्थिति यथा **परिशिष्ट "ख"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार निम्न प्रकार से हैः–

**(क) मुख्य रोकड़ बही**

| वित्तीय वर्ष | शीर्ष का विवरण | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016–17 | स्वयं स्त्रोत | 4260091.50 | 7991048.00 | 12251139.50 | 6963978.00 | 5287161.50 |
| | अनुदान | 10255657.00 | 32772036.00 | 43027693.00 | 24350229.00 | 18677464.00 |
| | कुल योग | 14515748.50 | 40763084.00 | 55278832.50 | 31314207.00 | 23964625.50 |
| 2017–18 | स्वयं स्त्रोत | 5287161.50 | 10117426 | 15404587.50 | 9404594.03 | 5999993.47 |
| | अनुदान | 18677464.00 | 23147166 | 41824630.00 | 33000160.00 | 8824470.00 |
| | कुल योग | 2396425.50 | 33264592 | 57229217.5 | 42404754.03 | 14824463.47 |

दिनांक 31.03.18 को रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष ₹14824463.47

दिनांक 31.03.18 को बैंक खातों में जमा शेष ₹15602465.47

तथा हस्तगत राशि (कृप्या **परिशिष्ट "ख"** पर विवरण देखें)

दिनांक 31.3.18 के रोकड़ बही व बैंक खातों के शेष में अन्तर ₹778002
(बैंक समाधान विवरण देखें)

| Sr.No. | Account Number | Amount (₹) |
|---|---|---|
| 1 | Cash in hand | 248321.00 |
| 2 | PNB A/C No. 089000100128513 | 5040378.50 |
| 3 | PNB A/C No. 0890000105104013 | 108338.00 |
| 4 | PNB A/C No. 0890000105105438 | 62601.00 |
| 5 | SBI A/C No. 30721880639 | 591794.97 |
| 6 | Canara Bank A/C No. 255810100394 | 5419976.00 |
| 7 | FDR No. 089000PU00023959 | 4131056.00 |
| | **Total** | **15602465.47** |

## Bank Reconciliation Statement as on 31.03.18

| Sr.No. | Particulars | Debit (₹) | Credit (₹) |
|---|---|---|---|
| | Balance as per Cash Book | 14824463.47 | |
| 1 | Chewue No. 790794 deposited into bank on dt. 30.03.18 but not cleared till 31.3.18 | | 300000 |
| 2 | Bank Charges deducted by canara bank on dt. 20.03.18 but not entered in cash book till 31.3.18 | | 30 |
| 3 | Cheques issued but not presented for payment till 31.03.18 | | |

| Ch.No. & date | Bank Name | Amount (₹) |
|---|---|---|
| 836445/22.05.17 | PNB | 2110 |
| 843613/09.08.17 | PNB | 390 |
| 637156/29.11.17 | CANARA | 4100 |
| 637185/29.03.18 | CANARA | 1064666 |
| 637187/29.03.18 | CANARA | 3500 |
| 637189/29.03.18 | CANARA | 1000 |

| Sr.No. | Particulars | Debit (₹) | Credit (₹) |
|---|---|---|---|
| | | 1075766 | |
| 4 | Online amt.received on 17.03.18 in A/C No. 2558101000394 but not entered in cash book till | 2266 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31.3.18 | | | |
| Balance as per various Pass Book & Cash in hand as on 31.3.18 | | | 15602465.47 |
| **Total** | | **15902495.47** | **15902495.47** |

**(i)** बैंक समाधान विवरणी की क्रम संख्या 3 की जाँच में पाया कि दिनांक 22.05.17 को चैक संख्या 836445 (PNB) ₹2110 दिनांक 09.08.17 को चैक संख्या 843613 (PNB) ₹390 व दिनांक 29.11.17 को चैक संख्या 637156 (CANARA) ₹4100 भुगतान हेतु जारी किए गए थे लेकिन वर्णित चैक बैंक में दिनांक 31.3.18 तक भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गए थे एवं अब यह चैक कालातीत हो चुके हैं। अतः उक्त चैकों के भुगतान की पुष्टि बैक से करने के उपरान्त इसकी प्रविष्टि रोकड़ बही के आय पक्ष में करके समायोजित करना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ii) सावधिक जमा**

नगर पालिका निधि से दिनांक 31.3.18 को सावधिक जमा में निवेशित राशि का विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr.No. | A/C No./Bank Name | Date of Investment | Amt. Investment (₹) | Rate | Period | Date of Maturity | Maturity Value |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 089000PU00023959 (PNB) | 12.11.17 | 4131056 | 6.25 % | 6 Month | 12.05.18 | 4261160 |

अतः उक्त सावधिक जमा को निर्धारित तिथि को परिपक्व/पुनः निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ख) S.J.S.R.Y. योजना निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट "ग")**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ (₹) | | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुदान | ब्याज | | | |
| 2016–17 | 732752 | Nil | 22384 | 755136 | 633342 | 121794 |
| 2017–18 | 121794 | Nil | 4921 | 126715 | 0 | 126715 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.03.18 को रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष | ₹126715 |
| दिनांक 31.03.18 को बैंक खातों में जमा शेष राशि | ₹126715 |
| (KCCB A/C No. 20042054152) शेष में अन्तर | शून्य |

**(ग) (i) पैन्शन निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट "घ")**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ (₹) | ब्याज (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016–17 | 6633679 | 2225973 | 444804 | 9304456 | 3019831 | 6284625 |
| 2017–18 | 6284625 | 1735622 | 427707 | 8447954 | 549218 | 7898736 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.03.18 को रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष | ₹7898736 |
| दिनांक 31.03.18 को बैंक खातों में जमा शेष राशि | ₹7898736 |
| (KCCB A/C No. 20042054129) | ₹2824868 |
| (FDR,S No. 089000PUO0009544) | ₹5070868 |
| रोकड़ बही व बैंक खातों के शेष में अन्तर | (शून्य) |

**(ii) सावधिक जमा**

पैन्शन निधि से दिनांक 31.3.2018 को सावधिक जमा में निवेशित राशि का विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr.No. | A/C No./Bank Name | Date of Investment | Amt. Investment (₹) | Rate | Period | Date of maturity | Maturity Value (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 089000PU00009544 PNB | 31.03.18 | 5070868 | 6.25% | 1 year | 31.03.19 | |

उक्त सावधिक जमा को निर्धारित तिथि को परिपक्व/पुनः निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(घ) NULM रोकड़ बही की वित्तीय स्थितिः– (परिशिष्ट "ङ" पृष्ठ)**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ (₹) | | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुदान (₹) | ब्याज (₹) | | | |
| 2016–17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2017–18 | 0 | 340000 | 2840 | 342840 | 137081 | 205759 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.03.18 को रोकड़ बही के अनुसार अन्तिम शेष | ₹205759 |
| दिनांक 31.03.18 को बैंक खातों में जमा शेष राशि | ₹205759 |
| (CANARA A/C No. 2558101008717) रोकड़ बही व बैंक खातों के अन्तिम शेष में अन्तर | शून्य |

## 5 नगर परिषद सुजानपुर के गत तीन वर्षो का आय–व्यय विवरण

नगर परिषद सुजानपुर के पिछले तीन वर्ष के आय–व्यय का विवरण निम्नलिखित हैः–

| वर्ष वित्तीय | आय (₹) | व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 2015–16 | 19135274 | 22343919 |
| 2016–17 | 40763084 | 31314207 |
| 2017–18 | 33264592 | 42404754 |

## 6 अनुदान

**(क)** नगर परिषद सुजानपुर की अवधि 01.04.16 से 31.03.18 तक अनुदान की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिनका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "च"** में दिया गया हैः–

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्त अनुदान (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तिम शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016–17 | 10988409 | 32772036 | 43760445 | 24983571 | 18776874 |
| 2017–18 | 18776874 | 26812553 | 36462628 | 36462628 | 9126799 |

### (ख) अनुदानों की राशि ₹91.27 लाख उपयोग हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट "च"** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार दिनांक 31.03.18 को अनुदानों की ₹9126799 उपयोग हेतु थी जबकि अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृत पत्रों के अनुसार यह राशियाँ आमतौर पर एक अथवा दो वर्ष के भीतर उपयोग की जानी अपेक्षित होती है। अतः अनुपयोग अनुदान राशियों को समयबद्व उपयोग न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए इन्हें सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित विभाग को किया जाये तदानुसार अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

## 7 गृहकर

### (क) गृहकर बकाया राशि ₹20.53 लाख वसूली हेतु शेष

नगर परिषद की आय का मुख्य साधन गृहकर है जिससे प्राप्त आय को वहाँ की जनता की सुविधाओं के लिए खर्च किया जाता है लेकिन नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.03.18

को ₹2053320 के गृहकर की बकाया राशि वसूली हेतु शेष थी, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "छ"** में दिया गया है जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः बकाया राशि की वसूली हेतु नियमानुसार ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) 48 गृह करदाताओं से ₹12.69 लाख की राशि वसूली हेतु शेष

अंकेक्षण में पाया कि कुल बकाया गृहकर की राशि में से ₹1268762 की राशि निम्नलिखित 48 करदाताओं से ही वसूली हेतु शेष थी जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "ज"** में दिया गया है अर्थात कुल बकाया गृहकर का 62% इन्हीं करदाताओं से बकाया था, जबकि नगर परिषद द्वारा सभी मूलभूत सुविधाएं समय–2 पर उपलब्ध करवाई जा रही है। अतः नियमानुसार इन करदाताओं से गृहकर की वसूली हेतु उचित कदम उठाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए:–

| **Ward No.** | **House Sr.No.** | **Name & Addres of** | **Outstanding Amt for recovery as on 31.3.18** |
|---|---|---|---|
| Ward No. 1 | 181 | Sh.Puneet Kumar S/O Saran Dass | 15530 |
| Ward No. 1 | 13 | Sh. Shanti Bhatnagar S/O Atma Parkash | 46621 |
| | 28 | Sh. Sardari Lal S/O Jagar Nath | 10618 |
| | 63 | Sh. Rajender Singh S/O Roshan Lal | 22764 |
| | 78 | Smt. Kamla Devi W/O Yash Pal | 12694 |
| | 101 | Sh. Ishwar Dass S/O Hans Raj | 20170 |
| | 164 | Sh. Piar Chand S/O Rolu Ram | 33818 |
| | 165 | Sh. Kali Das S/O Rolu Ram | 19440 |
| | 172 | Sh. Pritam Chand S/O Musa Ram | 10242 |
| | 176 | Sh. Shandi Lal S/O Kishori Lal | 31494 |
| | 184 | Smt. Soma Devi W/O Tej Ram | 52831 |
| | 187 | Sh. Pardeep Soni S/O Rikhi Ram | 52752 |
| | 200 | Sh. Faquir Chand S/O Shaligram | 25769 |
| | 202 | Sh. Vimla Devi W/O Chunni Lal | 20538 |
| | 212 | Sh. Rakesh Kumar S/O Raj Kumar | 26091 |
| | 242 | Sh. Ramesh Chand S/O Shambhu Ram | 26400 |
| | 250 | Sh. Rakesh Kumar S/O Raj Kumar | 21100 |
| | 327 | The SDO, HPSEB Sub-Div. Sujanpur | 18360 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Ward No. 3 | 10 | Smt. Nirmla Devi W/O Parkash Chand | 23269 |
| | 42 | Sh. Harnaam Singh S/O Hari Singh | 34320 |
| | 52 | Sh. Amar Nath S/O Lachomal | 17711 |
| | 61 | Sh. Tulshi Ram S/O Anant Ram | 30991 |
| | 64-A | Sh. ---do--- | 45165 |
| Ward No. 4 | 122 | Sh. Ajeet Kumar S/O Parshotam Chand | 11474 |
| | 176 | Sh. Rakesh Kumar S/O Kushal Singh | 17440 |
| Ward No. 5 | 149 | Smt. Kamla Devi W/O Teja Ram | 16775 |
| | 163 | Sh. Surjeet Kumar S/O Shakti Chand | 12959 |
| | 164 | Sh. Amar Singh S/O Sonaki Ram | 13943 |
| | 165 | Sh. Gian Chand S/O Luddar Dutt | 14558 |
| | 172 | Sh. Kashmir Singh S/O Bakshi Ram | 121905 |
| | 197-A | Sh. Tulshi Ram S/O Anant Ram | 26385 |
| | 202 | Sh. Kamal Dev S/O Thakur Dass | 18014 |
| | 203 | Sh. Roshan Lal S/O Sant Ram | 15840 |
| | 224 | Sh. Desh Raj S/O Amin Chand | 24443 |
| Ward No. 6 | 114 | Sh. Om Prakash S/O Moti Ram | 20203 |
| | 118 | Smt. Kanta Devi W/O Sarvan Kumar | 37558 |
| | 128 | Sh. Narayan Swroop S/O Sant Ram | 12987 |
| | 144 | The BDO Sujanpur | 10995 |
| | 147 | The Agriculture Officer | 12189 |
| Ward No. 8 | 21 | Sh. Ghammir Chand S/O Kaneya Lal | 71712 |
| | 69 | Sh. Jalalu Deen S/O Sambhir Ahmad | 35640 |
| | 73 | Sh. Madan Lal S/O Sunder Dass | 14190 |
| | 186 | Smt. Pawana Devi W/O Jogi Dass | 19519 |
| Ward No. 9 | 46 | Sh. Bal Krishan S/O Sultana Ram | 33480 |
| | 84 | Sh. Kamal Nain S/O Tarlok Chand | 21776 |
| | 87 | Sh. Hasrsh Jain S/O Rattan Lal | 25484 |
| | 101 | Sh. Gulshan Kumar S/O Piare Lal | 25882 |
| | 129 | Sh. Sunil Kumar S/O Nand Lal | 14723 |
| | | **Total** | **₹1268762** |

**(ग) नगर परिषद क्षेत्र में नव निर्मित भवनों से गृहकर की वसूली न करना**

अंकेक्षण में पाया कि वर्ष 2016–17 व 2017–18 में नगर परिषद सुजानपुर द्वारा स्वीकृत भवनों के नक्शों व बिजली व पानी के कनैक्शन हेतु NOC प्रदान करने के उपरान्त भी

भवनों का गृहकर निर्धारण नियमों के अनुसार नहीं किया गया था जिससे नगर परिषद को प्रतिवर्ष हानि हो रही है। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए परिषद आन्तरिक स्तर पर गहन छानबीन करने के उपरान्त ऐसे सभी नव निर्मित भवनों से नियमानुसार गृहकर की वसूली करना सुनिश्चित करें तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इस सन्दर्भ में उदाहरण स्वरूप कुछ भवनों का विवरण जिन्हें नक्शों की स्वीकृति एवं बिजली व पानी के कनैक्शन हेतु NOC प्रदान किये गए हैं, निम्नलिखित हैः–

| क्र0सं0 | मकान मालिक का नाम | वार्ड सं0 | दिनांक / जी–8 सं0 | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मोनिका देवी पत्नी श्री करम चन्द | 3 | 06.05.17 / 29–327 | 250 |
| 2 | श्री अजमेर सिंह सुपुत्र श्री रिखी राम | 3 | 03.04.17 / 27–317 | 250 |
| 3 | श्री मेहर सिंह सुपुत्र श्री जगत राम | 3 | 14.08.17 / 30–347 | 250 |
| 4 | श्री सुदर्शन शर्मा सुपुत्र श्री कृष्ण चन्द | 9 | 24.07.17 / 40–340 | 250 |
| 5 | श्री हितेश शर्मा सुपुत्र श्री देव राज शर्मा | 9 | 05.08.17 / 17–341 | 250 |
| 6 | श्री रोशन लाल सुपुत्र श्री दीवान चन्द | 5 | 05.08.17 / 3–279 | 250 |

## 8 दुकानों के किराए से आय

### (क) दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹34.56 लाख वसूली हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर निर्मित दुकानों/स्टालों/खोखों इत्यादि को किराये/पट्टे पर चढ़ाया गया है तथा इनसे प्राप्त किराया परिषद की आय का मुख्य स्त्रोत है। नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यथा **परिशिष्ट "झ"** उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.18 तक दुकानों के किराये से ₹3456227 की राशि वसूली हेतु शेष थी जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग के पत्र संख्या यू0एल0बी0 एच0ए0 (7)–1/87–9237/9284 दिनांक 20.06.01 के द्वारा करों इत्यादि की शत प्रतिशत वसूली को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए थे परन्तु नगर परिषद द्वारा इस

सम्बन्ध में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गए थे जोकि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः परामर्श दिया जाता है कि राशि की वसूली हेतु नियमानुसार अविलम्ब प्रभावी कदम उठाये जाएँ व समस्त बकाया किराये की राशि की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) आबंटित दुकानों से सम्बन्धित अनुबन्धों का नवीनीकरण न करना

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट "अ"** में वर्णित दुकानों के आबंटियों के साथ किये गए अनुबन्धों/इकरारनामों की अवधि समाप्त हो चुकी है जिनका दोबारा से नवीनीकरण नहीं किया गया है जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः परामर्श दिया जाता है कि यथाशीघ्र वर्णित प्रकरणों सहित ऐसे अन्य सभी प्रकरणों में दुकानदारों के साथ नियमानुसार अनुबन्धों का नवीनीकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में होने वाले किसी भी विवाद व वित्तीय हानि से बचा जा सके तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

### 9 तहबाजारी शुल्क ₹5.17 लाख वसूली हेतु शेष

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.03.2018 को तहबाजारी शुल्क ₹517400 की राशि वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण **परिशिष्ट "ट"** में दिया गया है। वर्णित बकाया शुल्क की वसूली हेतु परिषद द्वारा कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही थी जिसके कारण वसूली हेतु तहबाजारी शुल्क की राशि वर्ष दर वर्ष बढ़ती ही जा रही है जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है क्योंकि परिषद को तहबाजारी शुल्क के साथ–2 इस पर प्राप्त होने वाले ब्याज की राशि से भी वंचित होना पड़ रहा है। अतः वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु नियमानुसार ठोस कदम उठाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

### 10 मोबाईल टावर शुल्क ₹0.12 लाख वसूली हेतु शेष

मोबाईल टावर के रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 31.03.18 तक नवीनीकरण फीस के रूप में वोडाफोन कम्पनी से ₹12250 की राशि वसूली हेतु शेष थी जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "ठ"** में दिया गया है। अतः यथाशीघ्र वर्णित राशि की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 11 विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप मे देय राशि ₹0.13 लाख की कम वसूली करना

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹200 प्रति रजिस्ट्रेशन की दर से तथा देरी से रजिस्ट्रेशन हेतु दुगुनी दर से शुल्क प्राप्त किया जाना निर्धारित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा अवधि 04.10.16 से 25.08.17 तक विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क देय दर की अपेक्षा कम दर से वसूल करने के कारण निम्न विवरणानुसार ₹12720 कम वसूल किए गए थेः—

| क्र0सं0 | नाम | रजिस्टर पृ0सं0 | रजिस्ट्रेशन सं0 | विवाह की तिथि | रजिस्ट्रेशन की तिथि | प्राप्त शुल्क (₹) | देय शुल्क (₹) | देय विलम्ब शुल्क | कम वसूल राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हर्ष वालिया | 85 | 25 | 10.10.16 | 17.10.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 2 | श्री अतुल कुमार | 85 | 26 | 10.10.16 | 28.10.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 3 | श्री तरूण सिंह | 85 | 27 | 11.10.16 | 28.10.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 4 | श्री विपुल महाजन | 85 | 28 | 20.10.16 | 02.11.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 5 | श्री अभिनाश शर्मा | 85 | 29 | 16.04.16 | 01.11.16 | 60 | 200 | 200 | 340 |
| 6 | श्री दर्शन चौधरी | 86 | 30 | 11.10.16 | 04.11.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 7 | श्री अरूण कुमार | 86 | 31 | 02.11.16 | 17.11.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 8 | श्री अखिल दत्त | 86 | 32 | 07.11.16 | 17.11.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 9 | श्री अनिल कुमार | 86 | 33 | 26.10.16 | 19.11.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 10 | श्रीमति अदिती पुवारी | 86 | 24 | 24.07.16 | 02.11.16 | 5 | 200 | 200 | 395 |
| 11 | श्री परमजीत ठाकुर | 86 | 34 | 24.08.16 | 29.11.16 | 10 | 200 | 200 | 390 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | श्री अनिल कुमार | 87 | 35 | 12.10.16 | 02.12.16 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 13 | श्री मनीष कुमार | 87 | 36 | 07.11.16 | 12.12.16 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 14 | श्री अशीष शर्मा | 87 | 37 | 30.11.16 | 17.12.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 15 | श्री प्रदीप कुमार | 87 | 38 | 08.12.16 | 17.12.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 16 | श्री सुरेश कुमार | 87 | 39 | 24.07.16 | 22.12.16 | 60 | 200 | 200 | 340 |
| 17 | श्री नितिन डोगरा | 88 | 40 | 09.12.16 | 23.12.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 18 | श्री प्रतिभाशाली | 88 | 41 | 12.10.16 | 29.12.16 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 19 | श्री अमन | 88 | 42 | 10.12.16 | 29.12.16 | 5 | 200 | | 195 |
| 20 | श्री रोहित कुमार | 88 | 43 | 07.1116 | 20.01.17 | 5 | 200 | 200 | 395 |
| 21 | श्री जीत पल सिंह | 88 | 44 | 12.12.16 | 20.01.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 22 | श्री आशीष कुमार | 89 | 45 | 24.01.17 | 06.02.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 23 | श्री पंकज | 89 | 46 | 18.02.17 | 06.03.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 24 | श्री अशवनी कुमार | 89 | 47 | 03.02.17 | 06.03.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 25 | श्री कमल जीत | 89 | 48 | 28.02.17 | 14.03.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 26 | श्री नितेश राना | 89 | 49 | 14.02.17 | 14.03.17 | 10 | 200 | | 190 |
| 27 | श्री अमित कुमार | 90 | 50 | 05.02.17 | 14.03.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 28 | श्री मनीष कुमार | 90 | 51 | 05.02.17 | 16.03.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 29 | श्री चन्दन कपल | 90 | 52 | 02.02.17 | 27.03.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 30 | श्री अमित कुमार | 1 | 1 | 14.02.17 | 01.04.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | श्री राहुल मेहरा | 1 | 2 | 28.02.17 | 01.04.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 32 | श्री बिन्टू कुमार | 1 | 3 | 13.04.17 | 18.04.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 33 | श्री अनूप कृष्ण | 1 | 4 | 28.04.17 | 11.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 34 | श्री अजय कुमार | 1 | 5 | 15.04.17 | 12.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 35 | श्री अमित कुमार | 2 | 6 | 22.04.16 | 16.05.17 | 60 | 200 | 200 | 340 |
| 36 | श्री अमर सिंह | 2 | 7 | 03.05.17 | 16.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 37 | श्री विक्की | 2 | 8 | 28.04.17 | 16.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 38 | श्री सोनी कुमार | 2 | 9 | 18.04.17 | 17.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 39 | श्री संजीव कुमार | 2 | 10 | 11.05.17 | 26.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 40 | श्री विनोद कुमार | 2 | 11 | 16.05.17 | 29.05.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 41 | श्री मुस्ताक | 3 | 12 | 27.04.17 | 15.06.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 42 | श्री अंकुश शर्मा | 3 | 13 | 18.06.17 | 04.07.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 43 | श्री अजय कुमार | 3 | 14 | 09.05.17 | 01.18.17 | 10 | 200 | 200 | 390 |
| 44 | श्री अखिल नाग | 3 | 15 | 19.07.17 | 05.08.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 45 | श्री सुमित नाग | 3 | 16 | 01.08.17 | 10.08.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 46 | श्री महेश | 4 | 17 | 20.07.17 | 10.08.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 47 | श्री पंकज चौधरी | 4 | 18 | 08.08.17 | 25.08.17 | 5 | 200 | | 195 |
| 48 | श्री अशीष कुमार | 4 | 19 | 30.07.17 | 21.07.17 | 10 | 200 | | 190 |
| | | | | | | **480** | **9600** | **3600** | **12720** |

उक्त अनियमितता कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद के ध्यान में सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्या 225/2018 दिनांक 14.09.2018 के द्वारा लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी ने पत्र संख्याः 973 दिनांक 19.09.2018 द्वारा सूचित किया कि उक्त विवरणानुसार दिनांक 04.10.16 से 25.08.17 तक विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क की कम वसूल

की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना रिपोर्ट आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जाएगी। अतः कृत कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(क) विवाह पंजीकरण शुल्क से प्राप्त राशि को नियमानुसार राजकीय कोष में जमा न करवाना**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्याः WLF-A(3)1/97 दिनांक 17.12.2004 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विवाह पंजीकरण नियम–2004 के अन्तर्गत प्राप्त विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में शीर्ष–0235–00–800–03 के अन्तर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा प्राप्त विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क का राजकीय कोष में जमा करवाने की अपेक्षा नगर परिषद निधि खाते में ही जमा रखा गया है जोकि उक्त नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। अतः नियमों के विपरीत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क को नगर परिषद निधि खाते में जमा रखने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अवधि 04/2016 से 03/2018 तक वसूली की गई विवाह पंजीकरण शुल्क की नगर परिषद स्तर पर गणना करने के उपरान्त सम्बन्धित राशि को नियमानुसार राजकीय कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति बिना विवाह पंजीकरण शुल्क दरों में बढ़ौतरी करना**

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर परिषद द्वारा दिनांक 26.08.17 से विवाह पंजीकरण शुल्क की दरों को ₹200 प्रति रजिस्ट्रेशन से बढ़ाकर ₹650 प्रति रजिस्ट्रेशन किया गया था जबकि सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्याः SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अनुसार विवाह रजिस्ट्रेशन फीस ₹200 प्रति रजिस्ट्रेशन तथा देरी से रजिस्ट्रेशन हेतु दुगुनी देर से फीस प्राप्त की जानी निर्धारित है।

इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में कोई भी प्रस्ताव नगर परिषद द्वारा पारित नहीं किया गया था जबकि जी–8 संख्या 345/20 दिनांक 04.10.17 द्वारा यह फीस ₹650 (₹450 विवाह पंजीकरण फीस व ₹200 विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र शुल्क) वसूल की गई थी जोकि अनियमित प्रतीत होती हैं। अतः नियमों के विपरीत विवाह रजिस्ट्रेशन फीस वसूल करने का औचित्य स्पष्ट करते हुए इसे नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

## 12 गलत वेतन निर्धारित करने के परिणामस्वरूप विभिन्न कर्मचारियों को ₹4.23 लाख के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान

नगर परिषद के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का सम्बन्धित अभिलेख के साथ अंकेक्षण करने के दौरान वेतन निर्धारण में विभिन्न त्रुटियाँ पाई गई जिसके कारण कर्मचारियों को निम्नविवरणानुसार ₹4.23 लाख के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया था। अतः वर्णित अनियमितताओं का यथोचित समाधान करने अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

**(क) श्री मनोज कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक**

नगर परिषद सुजानपुर में कार्यरत्त श्री मनोज कुमार गुप्ता की सेवा पुस्तिका की जाँच करने पर पाया गया कि उन्होने लिपिक के पद पर दिनांक 29.7.1991 को कार्यग्रहण किया था तथा उन्हें 1st ACPS का लाभ 8 वर्ष का सेवा काल पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 29.7.1999 को तथा 2nd ACPS का लाभ 16 वर्ष का सेवाकल पूर्ण करने के उपरान्त दिनांक 29.7.2007 को प्रदान किया गया था। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद सुजानपुर के कार्यालय आदेश संख्याः 14-C/MC/Sujanpur/2015-2095 दिनांक 20.7.2015 द्वारा उन्हें दिनांक 7.8.2009 से कनिष्ठ सहायक के पद पर प्रतिस्थापन (Placement) करने पर उनका वेतन दिनांक 7.8.2009 से निम्नानुसार एक वेतन वृद्धि प्रदान करके निर्धारित किया गया जोकि अनुचित प्रतीत होता है क्योंकि नियमानुसार कनिष्ठ सहायक के पद पर Placement होने पर वेतन वृद्धि प्रदान करके वेतन निर्धारण का लाभ देय नहीं है। इसके अतिरिक्त उन्हें 3rd ACPS का लाभ दिनांक 7.8.2013 को प्रदान किया गया था जोकि नियमों के अन्तर्गत देय नहीं था क्योंकि उन्हें पहले ही दो ACPS व कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थापन के रूप में तीन लाभ प्राप्त हो चुके थे। अतः नगर परिषद द्वारा जो वेतन निर्धारण किया गया और नियमानुसार जो वेतनमान निर्धारित किया जाना चाहिए था, उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| दिनांक | वेतन वास्तव में भुगतान किया गया | | | देय वेतन | | | अन्तर (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | PAY (₹) | GP (₹) | Total (₹) | PAY (₹) | GP (₹) | Total (₹) | | |
| 6.8.2009 Before placement | 11810 | 2000 | 13810 | 11810 | 2000 | 13810 | 0 | |
| 7.8.2009 After | 12230 | 2800 | 15030 | 11810 | 2800 | 14610 | 420 | Increment Given Wrongly on |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Placement | | | | | | | | Placement |
| 1.7.10 | 12680 | 2800 | 15480 | 12250 | 2800 | 15050 | 430 | A.I. |
| 1.7.11 | 13150 | 2800 | 15950 | 12710 | 2800 | 15510 | 440 | A.I. |
| 1.7.12 | 13630 | 2800 | 16430 | 13180 | 2800 | 15980 | 450 | A.I |
| 1.10.12 | 13630 | 3600 | 17230 | 13180 | 3600 | 16780 | 450 | Grade Pay Revised |
| 1.7.13 | 14150 | 3600 | 17750 | 13690 | 3600 | 17290 | 460 | A.I. |
| 7.8.13 | 14690 | 3800 | 18490 | 13690 | 3600 | 17290 | 1200 | ACPS Granted is Not Admissible |
| 1.7.14 | 15250 | 3800 | 19050 | 14210 | 3600 | 17810 | 1240 | A.I. |
| 1.7.15 | 15830 | 3800 | 19630 | 14750 | 3600 | 18350 | 1280 | A.I. |
| 1.7.16 | 16420 | 3800 | 20220 | 15300 | 3600 | 18900 | 1320 | A.I. |
| 1.7.17 | 15870 | 3600 | 19470 | 15870 | 3600 | 19470 | 0 | A.I. (the Pay was rectified by Municipal authorities) |

श्री मनोज कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक का वेतन दिनांक 7.8.2009 से निर्धारित किया गया है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 7.8.2009 से 19.7.2015 तक उक्त वेतन निर्धारण के फलस्वरूप उन्हें बकाया राशि का कोई भुगतान नहीं किया गया था तथा वास्तव में उन्हें गलत रूप से वेतन का भुगतान दिनांक 20.07.15 से 30.11.16 तक ही किया गया था क्योंकि दिनांक 01.12.16 से नगर परिषद ने अपने स्तर पर ही वेतन को संशोधित करके उचित देय वेतन का भुगतान किया था, जिसकी पुष्टि इनकी वेतन पंजिका में अंकेक्षण द्वारा कर ली गई है। अतः गलत वेतन निर्धारण के परिणामस्वरूप श्री मनोज कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक को दिनांक 20.07.15 से 30.11.16 तक निम्न विवरणानुसार ₹48966 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया था:–

| | | **DRAWN** | | | | **DUE** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Period** | **BP (₹)** | **DA (₹)** | **IR (₹)** | **Total (₹)** | **BP (₹)** | **DA (₹)** | **IR (₹)** | **Total (₹)** | **Period** | **Total (₹)** |
| 20.7.15 to 31.7.15 | 19630 | 23360 | 0 | 42990 | 18350 | 21837 | 0 | 40187 | 2803+31= 90.40x12 days= | 1085 |
| 1.8.15 to 31.12.15 | 19630 | 23360 | 0 | 42990 | 18350 | 21837 | 0 | 40187 | 2803x5= | 14015 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.1.16 to 30.6.16 | 19630 | 125% 24586 | 8%1570 | 45738 | 18350 | 22938 | 1468 | 42756 | 2982x6= | 17892 |
| 1.7.16 to 31.7.16 | 20220 | 130% 26286 | 8% 1618 | 48124 | 18900 | 24570 | 1512 | 44892 | 3142x1 | 3142 |
| 1.8.16 to 30.11.16 | 20220 | 26286 | 13%2629 | 49135 | 18900 | 24570 | 2457 | 45927 | 3208x4 | 12832 |
| | | | | | | | | | **Total** | **48966** |

उक्त वर्णित अनियमितता कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद के ध्यान में सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्या 210/2018 दिनांक 28.08.2018 द्वारा लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ने पत्र संख्या 960 दिनांक 19.09.2018 द्वारा सूचित किया है कि श्री मनोज कुमार, गुप्ता, कनिष्ठ सहायक को जो वेतन का अधिक भुगतान हुआ था उसकी गणना के उपरान्त ₹48966 की राशि रसीद संख्या–7/352 दिनांक 13.09.2018 द्वारा वसूल कर ली गई है तथा जिसकी प्रविष्टि रोकड़ बही पृष्ठ संख्या 185 पर दर्ज है। अतः वर्णित तथ्यों की पुष्टि अंकेक्षण में भी कर ली गई है।

**(ख) श्री हर्षित शर्मा, लिपिक**

श्री हर्षित शर्मा, लिपिक की सेवा पुस्तिका का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि कर्मचारी की नियुक्ति दिनांक 25.09.1998 को हुई थी तथा दिनांक 25.09.2006 को 8 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त 1st ACPS का लाभ व दिनांक 1.10.2012 से उन्हें लिपिक पद की संशोधित ग्रेड पे ₹3200 प्रदान की गई थी। तदोपरान्त दिनांक 25.9.2016 को भी उन्हें ACPS का लाभ प्रदान किया गया जोकि हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग के पत्र संख्याः Fin (PR)-B (7)-59/2010 Loose दिनांक 3.11.2016 द्वारा जारी अनुदेशों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है। अतः नगर परिषद द्वारा जो वेतन निर्धारण किया गया और नियमानुसार जो वेतनमान निर्धारित किया जाना चाहिए था, उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **दिनांक** | **वेतन वास्तव में भुगतान किया गया** | | | **देय वेतन** | | | **अन्तर (₹)** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Pay (₹)** | **GP (₹)** | **Total (₹)** | **Pay (₹)** | **GP (₹)** | **Total (₹)** | | |
| 1.9.16 | 12010 | 3200 | 15210 | 12010 | 3200 | 15210 | 0 | |
| 25.9.16 | 12470 | 3600 | 16070 | 12010 | 3200 | 15210 | 860 | ACPS given wrongly as |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | grade pay of clerk was revised w.e.f. 1.10.12 to ₹3200 |
| 1.9.17 | 12960 | 3600 | 16560 | 12470 | 3200 | 15670 | 890 | A.I. |

Note:- 1st ACPS was given on 25.9.06, 2nd ACPS was due on 27.8.2009 and pay was to be fixed notionaly upto 8.8.12. However 2nd ACPS was not given to employee, Keeping in view these facts 2nd enhancement in pay was due to revision of grade pay of clerk to ₹3200 w.e.f 1.10.12 and 3rd ACPS given wrongly on 25.9.16.

अतः उक्त वर्णित अनियमितता के परिणामस्वरूप निम्नविवरणानुसार ₹39592 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया है जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से वेतन संशोधन उपरान्त वर्णित अधिक भुगतान राशि की नियमानुसार सम्बन्धित से वसूली सुनिश्चित की जाएः–

| | **Drawn** | | | | **Due** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Period** | **BP (₹)** | **DA (₹)** | **IR (₹)** | **Total (₹)** | **BP (₹)** | **DA (₹)** | **IR (₹)** | **Total (₹)** | **Period** | **Amt. Excess Paid (₹)** |
| 25.09.16 to 30.09.16 | 16070 | 20891 | 2089 | 39050 | 15210 | 19773 | 1977 | 36960 | 2090÷30=69.60x 6 days | 418 |
| 1.10.16 to 31.12.16 | 16070 | 20891 | 2089 | 39050 | 15210 | 19773 | 1977 | 36960 | 2090x3= | 6270 |
| 1.1.17 to 30.6.17 | 16070 | @ 134% 21534 | 2089 | 39693 | 15210 | 20381 | 1977 | 37568 | 2125x6= | 12750 |
| 1.7.17 | 16070 | 137% 22016 | 2089 | 40175 | 15210 | 20838 | 1977 | 38025 | 2150x1= | 2150 |
| 1.8.17 | 16070 | 22016 | 17% 2732 | 40818 | 15210 | 20838 | 2586 | 38634 | 2184x1= | 2184 |
| 1.9.17 to 31.3.18 | 16560 | 137% 22687 | 17% 815 | 42062 | 15670 | 21468 | 2664 | 39802 | 2260x7 | 15820 |
| | | | | | | | | | **Total** | **39522** |

उक्त अनियमितता कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के ध्यान में सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्याः 212/2018 दिनांक 29.08.2018 द्वारा लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ने पत्र संख्याः 961 दिनांक 19.09.2018 द्वारा सूचित किया है कि श्री हर्षित शर्मा, लिपिक को जो वेतन व भतों का अनियमित भुगतान हुआ है उनकी गणना कर ली गई है तथा जिसकी वसूली करने के पश्चात अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

**(ग) श्री जगजीत कुमार, चपड़ासी**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि श्री जगजीत कुमार, चपड़ासी की नियुक्ति दिनांक 01.04.1998 को हुई थी। उन्हें 1st ACPS का लाभ दिनांक 1.4.2006 को आठ वर्ष का सेवा काल पूर्ण करने के उपरान्त प्रदान किया गया था तथा तदोपरान्त New ACPS Scheme के अन्तर्गत उन्हें 2nd ACPS 9 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात दिनांक 28.8.2009 को तथा 3rd ACPS का लाभ 14 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात दिनांक 1.4.2012 को प्रदान किया गया जोकि दिनांक 8.8.2012 तक Notional आधार पर तथा दिनांक 9.8.2012 से वास्तविक वित्तीय लाभ का भुगतान किया गया था परन्तु दिनांक 01.04.2014 से 3rd ACPS का लाभ प्रदान करने पर वेतन का गलत निर्धारण किया गया। अतः दिनांक 01.04.13 से कर्मचारी को देय वेतन का निर्धारण एवं भुगतान किये गये वेतन का विवरण निम्नलिखित हैः–

| **Period** | **Basic Pay Due (₹)** | | | **Basic Pay Granted (₹)** | **Difference (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **Pay** | **GP** | **Total** | | |
| 01.04.13 | 9210 | 1900 | 11110 | 11110 | 0 |
| 01.04.14 | 9550 | 1900 | 11450 | 12220 (10320+1900) | 770 |
| 01.04.15 | 9900 | 1900 | 11800 | 12590 (10690+1900) | 790 |
| 01.04.16 | 10260 | 1900 | 12160 | 12970 (11070+1900) | 810 |
| 01.04.17 | 10630 | 1900 | 12530 | 13360 (11460+1900) | 830 |
| 01.04.18 | 11010 | 1900 | 12910 | 13760 (11860+1900) | 850 |

अतः दिनांक 01.04.14 को कर्मचारी का गलत वेतन निर्धारण करने के परिणामस्वरूप निम्न विवरणानुसार ₹99460 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया था जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से

वेतन संशोधन उपरान्त वर्णित अधिक भुगतान राशि की नियमानुसार सम्बन्धित से वसूली सुनिश्चित की जाएः—

| | **Drawn (₹)** | | | | **Due (₹)** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Period** | **BP** | **DA** | **IR** | **Total** | **BP** | **DA** | **IR** | **Total** | **Diff.** | **Amt. Excess Paid** |
| 1.4.14 to 30.6.14 | 12220 | 12220 | 0 | 24440 | 11450 | 100% 11450 | 0 | 22900 | 1540x3= | 4620 |
| 1.7.14 to 31.12.14 | 12220 | 107% 13076 | 0 | 25296 | 11450 | 107% 12252 | 0 | 23702 | 1594x6= | 9564 |
| 1.1.15 to 31.3.15 | 12220 | 113% 13809 | 0 | 26029 | 11450 | 113% 12939 | 0 | 24389 | 1640x3= | 4920 |
| 1.4.15 to 30.6.15 | 12590 | 113% 14227 | 0 | 26817 | 11800 | 113% 13334 | 0 | 25134 | 1683x3= | 5049 |
| 1.7.15 to 31.12.15 | 12590 | 119% 14983 | 0 | 27573 | 11800 | 119% 14042 | 0 | 25842 | 1731x6= | 10386 |
| 1.1.16 to 31.3.16 | 12590 | 125% 15738 | 8% 1008 | 29336 | 11800 | 125% 14750 | 8% 944 | 27494 | 1842x3= | 5526 |
| 1.4.16 to 30.6.16 | 12970 | 125% 16213 | 1038 | 30221 | 12160 | 15200 | 973 | 28333 | 1888x3= | 5664 |
| 1.7.16 | 12970 | 130% 16861 | 1038 | 30869 | 12160 | 130% 15808 | 973 | 28941 | 1928x1 | 1928 |
| 1.8.16 to 31.12.16 | 12970 | 16861 | 13% 1687 | 31518 | 12160 | 15808 | 13% 1581 | 29549 | 1969x5= | 9845 |
| 1.1.17 to 31.3.17 | 12970 | 134% 17380 | 1687 | 32037 | 12160 | 134% 16295 | 1581 | 30036 | 2001x3= | 6003 |
| 1.4.17 to 30.6.17 | 13360 | 134% 17903 | 13% 1737 | 33000 | 12530 | 134% 16791 | 13% 1629 | 30950 | 2050x3= | 6150 |
| 1.7.17 | 13360 | 137% 18304 | 1737 | 33401 | 12530 | 137% 17167 | 1629 | 31326 | 2075x1= | 2075 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.8.17 to 31.8.17 | 13360 | 18304 | 17% 2272 | 33936 | 12530 | 17167 | 17% 2131 | 31828 | 2108x8 | 16864 |
| 1.4.18 to 30.6.18 | 13760 | 18852 | 2340 | 34952 | 12910 | 17687 | 2195 | 32792 | 2160x3= | 6480 |
| 1.7.18 to 31.8.18 | 13760 | 18852 | 21% 2890 | 35502 | 12910 | 17687 | 21% 2712 | 33309 | 2193x2= | 4386 |
| | | | | | | | | | **Total** | **99460** |

उक्त अनियमितता कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के ध्यान में सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्याः 216/2018 दिनांक 30.08.18 द्वारा लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद ने पत्र संख्याः 962 दिनांक 19.09.2018 द्वारा सूचित किया है श्री जगजीत कुमार, चपड़ासी को वेतन व भत्तों का जो अनियमित भुगतान हुआ है उसकी गणना कर ली गई है तथा जिसकी वसूली करने के पश्चात अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

**(घ) (i) श्रीमति कमलेश कुमारी, सफाई कर्मचारी**

श्रीमती कमलेश कुमारी, सफाई कर्मचारी की सेवा पुस्तिका की जाँच करने पर पाया गया कि कर्मचारी की नियुक्ति दिनांक 23.08.2007 को हुई थी एवं दिनांक 23.08.2011 को 4 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त 1st ACPS का लाभ तथा दिनांक 1.10.2012 से उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संशोधित ग्रेड पे ₹1650 का लाभ प्रदान किया गया था। तदोपरान्त दिनांक 23.8.2016 व 1.10.17 को भी उन्हें 9 व 14 वर्ष की ACPS का लाभ प्रदन किया गया जोकि हिमाचल प्रदेश सरकार वित विभाग के पत्र संख्याः Fin (PR)-B(7)-59/2010 Loose दिनांक 3.11.2016 द्वारा जारी अनुदेशों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है क्योंकि दिनांक 23.8.16 व 1.10.17 की अपेक्षा उन्हें केवल एक ACPS का लाभ 14 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त देय होगा। अतः वर्णित अनियमितता के कारण नगर परिषद द्वारा जो वेतन निर्धारण किया गया और नियमानुसार जो वेतनमान निर्धारित किया जाना चाहिए था, उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| दिनांक | वेतन वास्तव में भुगतान किया गया | | | देय वेतन (₹) | | | अन्तर (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Pay** | **GP** | **Total** | **Pay** | **GP** | **Total** | | |
| 1.8.16 | 7120 | 1650 | 8770 | 7130 | 1650 | 8780 | -10 | |
| 23.8.16 | 7390 | 1650 | 9040 | 7130 | 1650 | 8780 | 260 | ACPS given wrongly from this date as grade pay of class iv employee was revised & granted w.e.f. 1.10.12 for ₹1650 |
| 1.8.17 | 7390 | 1650 | 9040 | 7400 | 1650 | 9050 | -10 | A.I. |
| 01.10.17 | 7670 | 1900 | 9570 | 7400 | 1650 | 9050 | 520 | ACPS not admissible from this date |
| 1.8.18 | 7970 | 1900 | 9870 | 7680 | 1650 | 9330 | 540 | |

उक्त वर्णित अनियमितता के परिणामस्वरूप निम्नविवरणानुसार कर्मचारी को ₹21745 के वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान किया गया जिसका नियमानुसार या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से वेतन संशोधन उपरान्त वर्णित अधिक भुगतान राशि की नियमानुसार सम्बन्धित से वसूली सुनिश्चित की जाएः–

| **Period** | **Drawn (₹)** | | | | **Due (₹)** | | | | **Diff.** | **Amt. Excess Paid (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **BP** | **DA @ 130 %** | **IR 13 %** | **Total** | **BP** | **DA @ 13%** | **IR** | **Total** | | |
| 01.08.16 to 22.08.16 | 8770 | 11401 | 1140 | 21311x22/31=15124 | 8780 | 11414 | 1141 | 21335x22/31=15141 | -17 | -17 |
| 23.8.16 to 31.8.16 | 9040 | 11752 | 1175 | 21967x9/31=637 | 8780 | 11414 | 1141 | 21335x9/31=56194 | 184 | 184 |
| 1.9.16 | 9040 | 130% | 1175 | 21967 | 8780 | 11414 | 1141 | 21335 | 632x4=2528 | 2528 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| to 31.12.16 | | 11752 | | | | | | | | |
| 1.1.17 to 31.7.17 | 9040 | 134% 12114 | 1175 | 22329 | 8780 | 11765 | 1141 | 21686 | 643x6= | 3858 |
| 1.7.17 to 31.7.17 | 9040 | 137% 12385 | 1175 | 22600 | 8700 | 12029 | 1141 | 21950 | 650x1= | 650 |
| 1.8.17 to 30.9.17 | 9040 | 12385 | 17% 1537 | 22962 | 9050 | 12399 | 1539 | 22988 | 26x2=52 (-) | -52 |
| 1.10.17 to 31.7.18 | 9570 | 13111 | 1627 | 24308 | 9050 | 12399 | 1539 | 22988 | 1320x10= | 13200 |
| 01.08.18 to 31.08.18 | 9870 | 13522 | 2073 | 25465 | 9330 | 12782 | 1959 | 24071 | 1394x1= | 1394 |
| | | | | | | | | | **Total** | **21745** |

उक्त अनियमितता कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद के ध्यान में सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) के पत्र संख्या 215/2018 दिनांक 30.08.2018 द्वारा लाई गई थी जिसके प्रत्युत्तर में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ने पत्र संख्या 964 दिनांक 19.09.2018 द्वारा सूचित किया है कि श्रीमती कमलेश कुमारी, सफाई कर्मचारी को वेतन व भतों का जो अनियमित भुगतान हुआ है उसकी गणना कर ली गई है जिसकी वसूली करने के पश्चात अंकेक्षण को अवगत करवाया दिया जायेगा।

**(ङ) चतुर्थ श्रेणी का गलत वेतन निर्धारित करना**

निम्न वर्णित कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की जाँच करने पर पाया गया कि इन कर्मचारियों की नियुक्ति दिनांक 21.08.07 को हुई थी एवं दिनांक 21.08.11 को 4 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त 1st ACPS का लाभ तथा दिनांक 1.10.12 से उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेशोधित ग्रेड पे ₹1650 का लाभ प्रदन किया गया था। तदोपरान्त दिनांक 21.8. 2016 व 1.10.17 को भी उन्हें 9 व 14 वर्ष की ACPS लाभ प्रदन किया गया जो कि हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग के पत्र संख्या Fin (PR)-B (7)-59/2010 Loose दिनांक 3.11.16 द्वारा जारी अनुदेशों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है क्योंकि दिनांक 23.8.16 व 1.10.17 को प्रदत्त लाभ की अपेक्षा उन्हें केवल एक ACPS लाभ 14 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर देय

होगा। अतः वर्णित अनियमितता के कारण नगर परिषद द्वारा जो वेतन निर्धारण किया गया और नियमानुसार जो वेतनमान निर्धारित किया जाना चाहिए था, उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| **क्र0सं0** | **कर्मचारी का नाम व पद** |
|---|---|
| 1 | श्री अजीत सिंह बेलदार |
| 2 | श्री बलदेव सिंह बेलदार |
| 3 | श्री राज कुमार बेलदार |

| **दिनांक** | **वेतन वास्तव में भुगतान किया गया (₹)** | | | **देय वेतन (₹)** | | | **अन्तर (₹)** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Pay** | **GP** | **Total** | **Pay** | **GP** | **Total** | | |
| 1.8.16 | 7120 | 1650 | 8770 | 7130 | 1650 | 8780 | –10 | |
| 21.8.16 | 7390 | 1650 | 9040 | 7130 | 1650 | 8780 | 260 | ACPS given wrongly from this date as grade pay of class iv employee was revised & granted .w.ef. 1.10.12 for ₹1650 |
